

रवीन्द्र केसकर

# तुम भी बनाओ फिरकी

***कागज़ को मोड़कर हवाई जहाज़, नाव तो तुमने बनाए ही होंगे। चकमक अब तुम्हारे खज़ाने को और बढ़ाने वाली है। इस बार इसमें फिरकी जुड़ी, अगली बार कुछ और...***




एक बात ध्यान रखना कि कागज़ पर पक्का निशान बनाने के लिए उसे हमेशा ज़मीन पर या किसी सख्त चीज़ पर रखकर ही मोड़ना। और मोड़ने के लिए उँगली के पोर का इस्तेमाल करना।




ऊपर वाला पहाड़ी मोड़ है और नीचे वाला खाई मोड़। यहाँ पहाड़ी मोड़ को लाल और खाई मोड़ को हरे रंग की लकीर से दिखाया गया है।


**1**





एक चौकोर कागज़ लो। कागज़ ज़्यादा बड़ा होगा तो फिरकी बड़ी बनेगी। छोटी फिरकी ज़्यादा तेज़ी से घूमती है। इसलिए 9x9 सेंटीमीटर का कागज़ अच्छा रहेगा। शादी के कार्ड वाला कागज़ फिरकी बनाने के लिए बढ़िया रहेगा।

कागज़ के चारों कोनों पर A, B, C, D लिख लो। कागज़ के पीछे भी इसी तरह लिख दो। ध्यान रहे कि A के पीछे A और B के पीछे B... हो।

**2**




कागज़ के तीन बराबर हिस्से करना।




चित्र में दिखाए तरीके से कागज़ को इस तरह मोड़ो कि AD तीन बराबर हिस्सों में बँट जाए। यानी AQ=QP=PD हो जाए। Q और P बिन्दु पर हल्का-सा दबाकर निशान लगा लो। ध्यान रहे कि Q और P पर पूरा मोड़ना नहीं है। BC भुजा में भी P और Q बिन्दुओं पर निशान लगा लो।

इसी तरह AB भुजा के भी तीन बराबर हिस्से करो: AR=RS=SB

R और S बिन्दुओं पर हल्का सा दबाकर निशान लगा लो। DC को भी तीन बराबर हिस्सों में बाँटो और R व S बिन्दुओं पर निशान लगा लो।


कागज़ के पीछे भी सभी P, Q, R, S बिन्दुओं पर निशान लगा लो। D कोने को B तक लाओ और AC पर पक्का मोड़कर खोल दो।

**3**





कागज़ को पलट दो। अब कागज़ का रंगीन हिस्सा ऊपर की ओर है। A कोने को C तक लाओ और DB पर पक्का मोड़कर खोल दो। अब इस कागज़ में एक पहाड़ी मोड़ है (AC) और एक खाई मोड़ (DB)।

**4**





DA को SS तक लाओ और केवल D1A1 तक का सीमित मोड़ बनाकर खोल दो। इसी तरह CB को RR तक लाओ और C1B1 का सीमित मोड़ बनाकर खोल दो।




5


B कोने को D1 तक लाओ और पूरा PR मोड़ने की बजाय केवल B1R तक पक्का मोड़ो और खोलो।

इसी तरह D को B1 तक लाओ और SQ मोड़ने की बजाय D1S तक मोड़ो और खोलो दो।





6

कागज़ को एक बार फिर पलटो। AB को PP तक लाओ और A1B1 तक का सीमित मोड़ बनाओ और खोलो दो। इसी तरह DC को QQ तक लाओ और D1C1 का सीमित मोड़ बनाकर खोल दो।






7

इसके बाद पहले की तरह C को A1 तक लाओ और QC1 मोड़ बनाओ और A को C1 तक लाओ और A1P पक्का मोड़ बनाओ और खोलो दो।





8







इस तरह की आकृति बनेगी।

चित्र में दो त्रिभुज RB1B और DD1S लाल रंग में दिख रहे हैं। इन्हें चित्र में दिखाए तरीके से पकड़ो और RB1 को D1S के पास लाओ। तुम देखोगे कि बीच में A1C1 खुद ही आ गई है।





9


A कोने को मोड़कर D1S जेब में डालो और C कोने को RB1 जेब में।




10

इस आकृति को पलटो। अब पहले की तरह D कोने को मोड़कर C1Q जेब में और B कोने को PA1 जेब में डालो।







## फिरकी तैयार है

माचिस की तीली के एक सिरे को कुछ पैना बनाओ और फिरकी वे बीच में घुसा दो।

**घूमी फिरकी फिरक फिरक...**

चित्र - जीतेंद्र ठाकुर